which cash assistance is now being increased?

SHRI K. C. PANT: Yes, Sir.

SHRI S. S. KOTHARI: Is it a fact that Pakistan has been giving generous export assistance in the form of bonus vouchers and if so, has that adversely affected some of our exports. particularly, jute goods, and would cash assistance assist in this direction?

SHR K. C. PANT: It is a fact that Pakistan has increased their bonus vouchers. But we keep that in mind and we watch the situation in the competitive market.

**श्री सीताराम केसरी** : अपने निर्यात को बढ़ाने के लिए हमारे यहां जो एक्सपोर्ट हाउसेज हैं उन एक्सपोर्ट हाउसेज का नम्बर बढ़ाने की कोई योजना है जिससे कि उन में आपस में प्रतिद्वंदिता हो और हमारा माल ज्यादा से ज्यादा विदेश में जा सके ?

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : कोशिश यही है कि ऐसे एक्सपोर्ट हाउसेज को बढ़ाया जाय । पंजाब ने इस में पहल की है और कोशिश की जायगी कि और राज्यों में भी वह बढ़े ।

**श्री इसहाक साम्भली** : क्या मन्त्री महोदय को मालूम है कि एक्सपोर्टर्स के गोलमाल और उन के तौर तरीकों के बारे में इस हाउस में कितनी ही मर्त्तबे शिकायत की गई है, क्या उन चीजों को देखते हुए यह सरकार इस पर गौर करेगी कि एक्सपोर्ट का काम सरकार अपने हाथ में ले और जो फैसिलिटीज उन को अब तक दी गई हैं उन के बारे में सख्ती से जांच करे ?

[ کیا منتری مہودے کو معلوم ہے کہ ایکسپورٹرس کے گول مال اور ان کے طور طریقوں کے بارے میں اس ہاؤس میں کتنی ہی مرتبہ شکایت کی گئی ہے کیا ان چیزوں کو دیکھتے ہوئے یہ سرکار اس پر غور کریگی کہ ایکسپورٹ کا کام سرکار اپنے ہاتھ میں لے اور جو فیسلٹیز ان کو اب تک دی گئی ہیں ان کے بارے میں سختی سے جانچ کریں - ]

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : जहां जहां कोई केस ध्यान में आता है गोलमाल का वहां जरूर सख्ती से ध्यान दिया जायगा ।

**श्री तुलशी दास जाधव** : जो एक्सपोर्ट कम होता है उस में क्या यह भी कारण है कि जो सैम्पल बताते हैं वह दूसरा होता है और वह सैम्पल अच्छा होता है लेकिन माल खराब भेजते हैं, इस से एक्सपोर्ट कम होता है ? क्या ऐसा होता है और कितना परसेंटेज है इस कारण से एक्सपोर्ट कम होने का ?

**श्री कृष्णचन्द्र पन्त** : जहां ऐसा होता है वहां जरूर कमी होती है । परसेंटेज कितना होता है यह मैं कह नहीं सकता ।

**भारत तथा कनाडा के बीच करार**

***964 श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त तथा कनाडा के वित्त मंत्री के बीच ओटावा में एक करार पर हस्ताक्षर किये गये हैं जिसके अनुसार एक करोड़ डालर का ऋण बट्टे खाते में डाल दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**उपप्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : (क) और (ख) जी हां, । 101.76 लाख कनाडियन डालर की रकम को बट्टे खाते डालने के एक करार पर 29 दिसम्बर, 1967 को हस्ताक्षर किये गये थे यह रकम, कनाडा द्वारा हमें 1958 में दिये गये दो गेहू ऋणों के मूलधन और ब्याज के सम्बन्ध में 1966-67 और 1967-68 में कनाडा को चुकायी जानी थी ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं यह जानना चाहूंगा कि इस संबंध में कोई विशेष दिक्कत सरकार के सामने है ? कौन सी ऐसी बात थी जिस के कारण से यह बट्टे खाते में डाल दिया गया ?

**श्री मोरारजी देसाई** : हम ने नहीं कहा उन से । उन्होंने अपने आप ही वह छोड़ दिया ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : यह जो हमें मिलने वाली रकम थी. . . .

**श्री मोरारजी देसाई** : यह हमें मिलने वाली नहीं थी, यह हमें देनी थी ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं यह जानना चहाता हूं कि क्या इस के एवज में हमें कुछ उन से और मिलने की आशा है ?

**श्री मोरारजी देसाई** : सम्माननीय सदस्य सवाल का खुद समझे नहीं हैं । जो गेहूं हम को दिया कनाडा ने उसकी रकम हमें चुकानी थी उनको, वह उन्होंने छोड़ दिया ।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि जिस प्रकार से यह रकम उन्होंने छोड़ दी है इस प्रकार से और कितनी रकम दूसरे देशों ने छोड़ी है या कुछ और कंसेशन और दूसरे देशों ने हमें दिए हैं उद्योग धन्धे के बारे में या नियोजन के बारे में ?

**श्री मोरारजी देसाई** : सवाल दूसरा पूछा जाय तो मैं जरूर बता दूंगा ।

**श्री यशवन्त सिंह कुशवाह** : क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि जो रकम छोड़ी गई है उस में ब्याज की रकम कितनी है और असल की रकम कितनी है ?

SHRI MORARJI DESAI: The principle amounted to c.$ 9.428 million and the interested amounted to c.$ 0.748 million.

SHRI B. SHANKARANAND: The Minister has said that so much amount has been written off as per the agreement. What were the considerations that made the two counries to arrive at this agreement?

SHRI MORARJI DESAI: It is again a strange question. As I said, it is not a question of an agreement arrived at. Canada has given up to recover this and made it a grant. Should I say I do not want to receive the grant?

**श्री प्रो० प्र० त्यागी** : मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या कनाडा की भांति और भी किसी देश ने अपने ऋण को बट्टे खाते में डलवाया है और डलवाया है तो कौन कौन से देशों ने और कितना कितना उन्होंने डलवाया है ?

**श्री मोरारजी देसाई** : हम ने कुछ डलवाया नहीं । अगर किसी देश ने डलवाया इसकी जांच मैं ने नहीं की ।

**Family Planning Programme**

*965. SHRI SHRI CHAND GOEL: Will the Minister of HEALTH, FAMILY PLANNING AND URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that only the intellectual classes of the country have taken to family planning;

(b) whether this process is likely to create a brain drain in the country; and

(c) the steps taken or proposed to be taken to make family planning acceptable to all sections of the society?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH, FAMILY PLANNING AND URBAN DEVELOPMENT (DR. S. CHANDRASEKHAR): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Family Planning Programme is based on its voluntary acceptance by the people. Sustained efforts are made to reach all sections of the society. The Intensive Family Planning